16 साल बाद जयपुर की ग्रामीण सत्ता में कांग्रेस की वापसी

यशवीर सूरा बने जयपुर के 11वें जिला प्रमुख, 57 में से 42 वोट लेकर भाजपा के राजेश गुर्जर को हराया

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । जयपुर की ग्रामीण राजनीति में बुधवार को सत्ता का समीकरण बदल गया। जिला परिषद् के जिला प्रमुख चुनाव में कांग्रेस के यशवीर सिंह सूरा ने जीत दर्ज कर भाजपा के लगातार दबदबे को चुनौती दी और 16 साल बाद कांग्रेस की जिला परिषद सत्ता में वापसी का रास्ता साफ कर दिया। सूरा को 42 वोट मिले, जबकि भाजपा के प्रत्याशी राजेश गुर्जर को 14 मत हासिल हुए। इस जीत के साथ सूरा जयपुर जिला परिषद के 11वें जिला प्रमुख बन गए हैं।

ज्ञात रहे कि वर्ष 2010 में कांग्रेस के हजारीलाल नागर जिला प्रमुख बने थे। उसके बाद 2015 में भाजपा के मूलचंद मीना और 2021 में भाजपा की रमा देवी चौपड़ा ने जिला प्रमुख की जिम्मेदारी संभाली। अब 2026 में कांग्रेस ने फिर जिला परिषद की कमान अपने हाथ में लेकर भाजपा के ग्रामीण राजनीतिक वर्चस्व को बड़ा झटका दिया है।

- **भाजपा के 13 सदस्यों के बावजूद प्रत्याशी को मिले 14 वोट, आरएलपी का एक सदस्य वोट देने नहीं पहुंचा**

इस चुनाव में कांग्रेस की जीत का आधार उसके सदस्यों की संख्या रही। कुल 57 सदस्यीय जयपुर जिला परिषद में कांग्रेस के 42 सदस्य निर्वाचित हुए थे। भाजपा के पास 13 और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के दो सदस्य थे। कांग्रेस ने अपने सभी सदस्यों को एकजुट रखते हुए सूरा के पक्ष में मतदान कराया। वहीं भाजपा के 13 सदस्यों के मुकाबले उसके प्रत्याशी को 14 वोट मिले। यह एक अतिरिक्त मत चुनावी गणित में चर्चा का विषय बना रहा। आरएलपी के दो सदस्यों में से एक मतदान के लिए नहीं पहुंचा।



जयपुर जिला प्रमुख यशवीर शूरा (माला पहने हुए)



जयपुर जिला प्रमुख के मतदान के बाद कांग्रेस ने सदस्यों को बाड़ेबंदी में भेजा।



जयपुर जिला परिषद् में मतदान के बीच कांग्रेस नेताओं और पुलिस में खींचतान हुई।

भाजपा की ओर से राजेश गुर्जर ने नामांकन दाखिल किया था। कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशियों के नामांकन पत्र सही पाए जाने के बाद नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी हुई और मुकाबला सीधे दोनों दलों के बीच रहा। मतदान के लिए 57 में से 56 सदस्य पहुंचे।

सूरा यूथ कांग्रेस में रहे सक्रिय, सुबह बने आधिकारिक प्रत्याशी

सूरा जयपुर जिला परिषद के वार्ड 28 से सदस्य हैं और युवा कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष रह चुके हैं। कांग्रेस ने चुनाव के दिन सुबह ही उनके नाम की आधिकारिक घोषणा कर दी थी। पार्टी ने युवा नेतृत्व को ग्रामीण सत्ता की जिम्मेदारी सौंपकर संगठन में नई पीढ़ी को आगे बढ़ाने का संदेश भी दिया।

बाड़ेबंदी में भेजे गए कांग्रेस जिला परिषद सदस्य

कांग्रेस ने जीत के बाद अपने जिला परिषद सदस्यों को वापस बाड़ेबंदी में भेज दिया। गुरुवार को उप जिला प्रमुख के चुनाव के लिए सदस्यों को फिर जिला परिषद परिसर लाया जाएगा।

कांग्रेस की जीत पर आतिशबाजी

जयपुर जिला परिषद में कांग्रेस की जीत के बाद परिषद परिसर में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। विजयी होने की खुशी में आतिशबाजी की गई और मिठाइयां बांटकर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस दौरान कांग्रेस समर्थकों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।

जीत के बाद सूरा से मिले भाजपा प्रत्याशी राजेश गुर्जर, दी बधाई

जयपुर जिला परिषद जिला प्रमुख चुनाव में मतगणना समाप्त होने और जीत दर्ज करने के बाद नव निर्वाचित जिला प्रमुख यशवीर सूरा से भाजपा प्रत्याशी राजेश गुर्जर ने मुलाकात की। इस दौरान राजेश गुर्जर ने सूरा को जीत की बधाई दी और शुभकामनाएं दीं। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद दोनों नेताओं की यह मुलाकात राजनीतिक सौहार्द्र का संदेश देती नजर आई। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस यूथ अध्यक्ष अभिषेक चौधरी भी यशवीर सूरा के साथ मौजूद रहे। जिला प्रमुख चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद समर्थकों में उत्साह का माहौल रहा।

विकसित जयपुर बनाएंगे : सूरा

नव निर्वाचित जिला प्रमुख यशवीर सूरा ने जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की जीत में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सूरा ने दावा किया कि 2028 में राजस्थान में कांग्रेस और 2029 में केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। सूरा ने कहा कि जनता ने कांग्रेस को ऐतिहासिक जनादेश दिया है। इसके लिए उन्होंने जयपुर की जनता, जिला परिषद के 42 सदस्यों, कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व और प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का धन्यवाद किया। विकास को लेकर सूरा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों को मजबूत बनाना, गांव-ढाणियों की समस्याओं का समाधान, युवाओं को सशक्त करना और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बोर्ड ग्रामीण जयपुर के विकास के लिए काम करेगा और एक सुनहरा, विकसित जयपुर बनाने का प्रयास करेगा।

कलेक्ट्री चौराहे पर लगा लंबा जाम

जयपुर जिला परिषद के जिला प्रमुख चुनाव में कांग्रेस के यशवीर सिंह सूरा की जीत का परिणाम घोषित होने के बाद शहर में यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई। देर शाम कलेक्ट्री चौराहे पर लंबा जाम देखने को मिला। इसके साथ ही आस-पास के कई मार्गों पर वाहनों की कतारें लग गईं। जाम के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा और यातायात लंबे समय तक धीमी गति से चलता रहा। चुनाव परिणाम के बाद कलेक्ट्री चौराहे और आस-पास के रास्तों पर यातायात का दबाव बढ़ गया। देर शाम तक जाम की स्थिति बनी रही। कई वाहन चालक अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए काफी देर तक रास्तों में फंसे रहे।

कांग्रेस ने सुबह घोषित किया नाम

कांग्रेस ने चुनाव के दिन सुबह यशवीर सिंह सूरा को जिला प्रमुख प्रत्याशी घोषित किया। सूरा वार्ड 28 से जिला परिषद सदस्य हैं और युवा कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष रह चुके हैं। भाजपा ने राजेश गुर्जर को मैदान में उतारा। दोनों प्रत्याशियों के नामांकन पत्र सही पाए गए।

नामांकन वापसी का समय समाप्त होने के बाद कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशी मैदान में रहे। मतदान दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया था। समय से पहले मतदान पूरा होने पर मतगणना शुरू की गई।

मतदान के बीच परिसर के बाहर हंगामा

मतदान के दौरान कांग्रेस नेताओं ने जिला परिषद के मुख्य द्वार से अंदर जाने का प्रयास किया। पुलिस जवानों के साथ खींचतान हुई। कांग्रेस विधायक विद्याधर चौधरी की पुलिस अधिकारियों से बहस हुई। बातचीत के बाद मामला शांत हुआ और मतदान प्रक्रिया जारी रही।

57 में से 56 सदस्यों ने किया मतदान

जिला परिषद के कुल 57 सदस्यों में से 56 ने मतदान किया। वार्ड 15 से आरएलपी सदस्य मतदान के लिए नहीं पहुंचे। यशवीर सूरा को 42 और राजेश गुर्जर को 14 वोट मिले। कांग्रेस ने जीत के बाद अपने सदस्यों को वापस बाडेबंदी में भेज दिया।

सफाई व्यवस्था जांचने सड़कों पर घूमे महापौर सुनील कोठारी



महापौर सुनील कोठारी ने बुधवार सुबह कई घंटों तक सड़कों पर घूम-घूमकर सफाई व्यवस्था जांची।

जयपुर। शहर की सफाई व्यवस्था को जांचने के लिए बुधवार सुबह महापौर सुनील कोठारी फील्ड में उतरे। कई घंटों तक सड़कों पर घूम-घूमकर मुख्य सड़कों के साथ गलियों की सफाई देखी और जहां पर गदंगी मिली वहां पर अधिकारियों को दिशा निर्देश देकर कार्रवाई करवाई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सफाई व्यवस्था के निरीक्षण की शुरूआत महापौर ने स्टेच्यू सर्किल से की। महापौर ने सिविल लाइन और विद्याधर नगर जोन के अलग-अलग हिस्सों में जाकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। सुबह 9 बजे महापौर सबसे पहले स्टेच्यू सर्किल पहुंचे। इसके बाद तिलक मार्ग, डियर पार्क सचिवालय के आसपास का क्षेत्र अशोक उद्यान, चौमूं हाउस सर्किल, रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस डिपो, अंबाबाड़ी सर्किल, परशुराम गैराज सर्किल, मंदिर मोड विद्याधर नगर सहित विभिन्न स्थानों की सफाई व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। महापौर ने अतिक्रमण और गदंगी देखकर मौके पर ही दुकानदारों के चालान भी कटवाए। जयपुर जंक्शन पर सुलभ शौचालय का भी निरीक्षण किया। एक स्थान पर शौचालय बंद मिला तो ताला तुड़वाकर उसे चालू करवाया।

शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

जयपुर। खोह नागोरियान थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी स्मैक के नशे का आदी है और नशे की जरूरत पूरी करने के लिए मोटरसाइकिलें चुराकर औने-पौने दामों में बेच देता था। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी निरीक्षक सुनील गोदारा के अनुसार दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर राजेश उर्फ सन्नू (31) को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर चोरी की दो मोटरसाइकिल भी बरामद की गई। पुलिस के मुताबिक आरोपी मूल रूप से करौली जिले के टोडाभीम तहसील के नांगल शेरपुर गांव का निवासी है। वर्तमान में वह खोह नागोरियान थाना क्षेत्र में बंध्या रोड स्थित नारायण सिटी में नारायण होटल के पास गोविन्द प्रजापत के मकान में किराए पर रह रहा था। आरोपी मौका देखकर राह चलते या लावारिस खड़ी मोटरसाइकिलें चुराता था और उन्हें कम कीमत पर बेचकर मिलने वाली रकम नशे पर खर्च करता था।

आई.डी.बी.आई. बैंक के निजीकरण के विरोध में जयपुर में बैंककर्मियों का विरोध प्रदर्शन

'3 दिसंबर की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में राजस्थान के बैंक कर्मचारी पूरी ताकत से भाग लेंगे'

जयपुर । आईडीबीआई बैंक के निजीकरण और विदेशीकरण के विरोध में यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स (यूएफबीयू) के आव्हान पर बुधवार को बगड़िया भवन, सी-स्कीम स्थित आईडीबीआई बैंक के सामने बैंक अधिकारी एवं कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर सभा की। प्रदर्शन में ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉइज एसोसिएशन और ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन से जुड़े आईडीबीआई सहित विभिन्न बैंकों के कर्मचारी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने आईडीबीआई बैंक के निजीकरण और विदेशीकरण को तत्काल रोकने की मांग की।

सभा को संबोधित करते हुए राजस्थान प्रदेश बैंक एम्प्लॉइज यूनियन (एआईबीईए) के उप महासचिव सूरज भान सिंह आमेरा ने कहा कि आईडीबीआई बैंक देश की जनता की संपत्ति है और इसे निजी एवं विदेशी हाथों में सौंपना देशहित के खिलाफ है। यह केवल आईडीबीआई कर्मचारियों का नहीं, बल्कि सार्वजनिक बैंकिंग तंत्र को बचाने का सवाल है।

यूनियन के चेयरमैन आरजी शर्मा ने कहा कि 3 दिसंबर को होने वाली राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल में राजस्थान के लाखों बैंक कर्मचारी एवं अधिकारी पूरी ताकत से भाग लेंगे। उन्होंने निजीकरण की नीति वापस लेने की मांग करते हुए आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।

सभा को सचिव महेश शर्मा, एमएस भटेजा और राम बाबू गुप्ता ने भी संबोधित किया। उन्होंने बताया कि हड़ताल से पहले प्रदेश के विभिन्न केंद्रों पर प्रदर्शन, काली पट्टी धारण करने और ट्विटर (एक्स) अभियान चलाया जाएगा।

सार-समाचार

"मुस्कानों के पीछे" चित्रकला प्रदर्शनी



जयपुर। जवाहर कला केंद्र की सुरेख आर्ट गैलरी में समकालीन चित्रकार डॉ. जगदीश प्रसाद मीणा की एकल चित्रकला प्रदर्शनी "मुस्कानों के पीछे" का बुधवार को शुभारंभ हुआ। उद्घाटन राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत के मुख्य आतिथ्य में हुआ। विशिष्ट अतिथि प्रख्यात कलाकार एवं तक्षमन-28 आर्ट ग्रुप, उदयपुर के अध्यक्ष डॉ. विद्यसागर उपाध्याय तथा सृष्टि आर्ट ग्रुप सोसायटी, जयपुर के अध्यक्ष डॉ. नथूलाल वर्मा रहे। प्रो. सारस्वत ने कलाकार की मौलिक कलात्मक दृष्टि की सराहना करते हुए कला विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसर विकसित करने, कला बाजार को समझने और नए मंच तलाशने का सुझाव दिया। डॉ. विद्यसागर उपाध्याय एवं डॉ. नथूलाल वर्मा ने भी चित्रों में अभिव्यक्त मानवीय संवेदनाओं और कलात्मक शैली की प्रशंसा की। प्रदर्शनी में मानवीय जीवन, पारिवारिक संबंधों, सामाजिक परिवेश और भीतर छिपे संघर्षों को राजस्थान की सांस्कृतिक संवेदना, रंगों और लोकजीवन के माध्यम से अभिव्यक्त किया गया है। चित्रों के जरिए कलाकार ने मुस्कान के पीछे छिपी भावनाओं, जिम्मेदारियों, इच्छाओं और अनकही कहानियों को सामने लाने का प्रयास किया है। दर्शकों ने चित्रों को अपने जीवन और अनुभवों से जोड़कर सराहा। इस अवसर पर प्रो. सुनीता शर्मा, प्रो. तनुजा सिंह, प्रो. आई. यू. खान, डॉ. अमिता राज गोयल, विनय शर्मा, चिंतन उपाध्याय, मनीष शर्मा, मोहम्मद सलीम, कृष्ण महावर, रितिका गर्ग, प्रेम शंकर, हरि सिंह भाटी, विनय त्रिवेदी, डॉ. हरकेश मीणा, अर्चना मीणा और निशा मीणा सहित अनेक कलाकार, कला समीक्षक, शोधार्थी एवं कला प्रेमी उपस्थित रहे। प्रदर्शनी 30 नवंबर तक प्रतिदिन सुबह 11 से शाम 7 बजे तक सुरेख आर्ट गैलरी में खुली रहेगी।

राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह का आयोजन



जयपुर। जयपुर के निर्वाण विश्वविद्यालय के ज्ञानधारा केंद्रीय पुस्तकालय एवं पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 14 से 20 नवंबर तक राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह आयोजित किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन डॉ. एस. एल. सिहाग ने अपने संदेश में कहा कि पुस्तकें ज्ञान एवं व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण आधार हैं। विद्यार्थियों को नियमित पठन की आदत विकसित कर पुस्तकों को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। इस दौरान कहानी लेखन एवं वाचन, पोस्टर निर्माण, अंत्याक्षरी, म्यूजिकल चेयर, समूह चर्चा, भाषण प्रतियोगिता, एपीए शैली में संदर्भ सूची निर्माण तथा नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। गत 16 नवंबर को आयोजित उदघाटन समारोह में निर्वाण विश्वविद्यालय के कर्नल डॉ. जसपाल सिंह ने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के बजाय पुस्तकों के अध्ययन को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया। कुलपति प्रो. एस. एल. गोदारा ने नियमित पठन की आदत विकसित करने के लिए सप्ताह में दो दिन पुस्तकालय कालांश निर्धारित करने का सुझाव दिया। उपकुलपति डॉ. भावना देथा ने अपने संदेश में कहा कि पुस्तकें विद्यार्थियों के ज्ञान, रचनात्मकता एवं आलोचनात्मक चिंतन को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पुस्तकालय का अधिकतम उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कुलसचिव डॉ. सी. एम. राजोरिया ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन एवं पुस्तकों के माध्यम से अपने जान और व्यक्तित्व को समृद्ध करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम संयोजक एवं मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. रीना आनंद ने कहा कि पुस्तकें हमारी सच्ची मित्र हैं, जो ज्ञान के साथ जीवन को सही दिशा प्रदान करती हैं। समापन समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

जयपुर में साइबर ठगों का आतंक

ट्रेडिंग में मुनाफे और कस्टमर केयर सर्विस के नाम पर ठगी तथा बैंक खाते हैक करने जैसे मामले सामने आए

जयपुर (कासं)। राजधानी में साइबर ठग लगातार लोगों को निशाना बना रहे हैं। शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में साइबर ठगी के आधा दर्जन मामले सामने आए हैं। कहीं ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर लाखों रुपए ठग लिए गए तो कहीं कस्टमर केयर पर कॉल करना भारी पड़ गया। ऑनलाइन धमकी देकर भी लोगों से रकम ऐंठी गई। वैशाली नगर में एक व्यक्ति से 64 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। संबंधित थानों में मुकदमे दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मोतीडूंगरी थाना क्षेत्र के सेठानी जी का बाग निवासी तरु अग्रवाल (48) को ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर 9 लाख 31 हजार 36 रुपए ठग लिए गए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने 23 नवंबर को मामला दर्ज किया।

गांधी नगर थाना क्षेत्र में 72 वर्षीय राजेंद्र प्रसाद जैन से 94,140 रुपए की ठगी हुई। उन्होंने 25 अक्टूबर को टाटा 1एमजी की डिलीवरी जल्दी करवाने के लिए कस्टमर केयर नंबर पर कॉल किया था। कॉल करने वाले व्यक्ति ने उनसे 5 रुपए ट्रांसफर करने को कहा। पीड़ित ने फोन-पे के जरिए इंडसइंड बैंक खाते से भुगतान का प्रयास किया, जिसके बाद उनका खाता हैक कर 94,140 रुपए दूसरे खाते में ट्रांसफर कर लिए गए।

वैशाली नगर की गंगासागर कॉलोनी निवासी 69 वर्षीय हरि सिंह बुंदेला को ऑनलाइन डराने और चोट पहुंचाने की धमकी देकर एक लाख रुपए ठग लिए गए। वहीं हनुमान नगर निवासी रिकू लाल गौतम (36) के साथ 64 लाख रुपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। दोनों मामलों में जीरो नंबर एफआईआर के आधार पर वैशाली नगर थाना पुलिस ने मुकदमे दर्ज किए हैं। चित्रकूट थाना क्षेत्र में भी साइबर ठगी के दो मामले सामने आए हैं। शालीमार बाग निवासी कपिल जालान के साथ अज्ञात व्यक्ति ने ऑनलाइन धोखाधड़ी की, जबकि सेक्टर-6 निवासी सर्वज्ञ गुप्ता को टेलीग्राम के जरिए ठगी का शिकार बनाया गया। दोनों मामलों में पुलिस ने 23 नवंबर को मुकदमे दर्ज किए। पुलिस के अनुसार सभी मामलों में बैंक खातों, ऑनलाइन लेन-देन, मोबाइल नंबर और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है।

डीसीपी करण शर्मा ने जनसुनवाई की



जयपुर। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करन शर्मा ने बुधवार को गलता गेट पुलिस थाने में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनीं। इस दौरान परिवादियों की ओर से प्रस्तुत शिकायतों का यथासंभव मौके पर ही निस्तारण किया गया। जनसुनवाई में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर प्रथम आलोक सिंघल और गलता गेट थानाधिकारी धर्मेन्द्र शर्मा मौजूद रहे। पुलिस उपायुक्त ने शिकायतकर्ताओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। पुलिस का उद्देश्य शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करना है। इस दौरान उपस्थित नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही साइबर ठगी का शिकार होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने के लिए जागरूक किया गया।

पुलिस के अनुसार जयपुर उत्तर जिले के अधीनस्थ थानों में प्रत्येक बुधवार को जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के तहत सभी थानों में आमजन की शिकायतें सुनकर उनका प्राथमिकता से निस्तारण किया जाएगा।

पेट्रोल पंप के पास खड़ी कार में आग लगी

जयपुर (कासं)। शहर के कर्बला इलाके में पेट्रोल पंप के पास खडी एक कार में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। कार से आग की लपटें उठती देख पेट्रोल पंप कर्मचारियों और आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। खास बात यह रही कि आग की चपेट में आई कार से महज 20 मीटर की दूरी पर पेट्रोल से भरा टैंकर खड़ा था। ऐसे में आग फैलने पर बड़ा हादसा हो सकता था।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने तत्काल फायर सिलेंडर लेकर आग

- **पंप कर्मचारियों और मौके पर मौजूद युवकों की सूझबूझ से 20 मिनट में आग पर काबू पाया गया**

बुझाने का प्रयास शुरू किया। कुछ युवक भी अपनी जान की परवाह किए बिना मदद के लिए आगे आए।

करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। समय रहते आग बुझने से संभावित बड़ा हादसा टल गया। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें कार में आग लगते ही कुछ लोग मौके से दूर जाते दिखाई दे रहे हैं, जबकि पंप कर्मचारी और कुछ युवक आग बुझाने में जुटे नजर आ रहे हैं।

आग बुझने के बाद कार चालक ने दूसरी गाड़ी की मदद से कार को टोचिंग करवाया और मौके से रवाना हो गया। बताया गया कि कार रामगढ़ मोड़ होते हुए जयसिंहपुरा खोर की ओर जा रही थी। कार में आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है।

सोने की चेन लेकर बदमाश फरार

जयपुर । माणक चौक थाना क्षेत्र के हल्दियों का रास्ता स्थित शारदा चेन शोरूम में ग्राहक बनकर आए एक व्यक्ति ने दो सोने की चेन चोरी कर ली। वारदात 12 नवंबर को शाम करीब 5 बजे हुई। शोरूम मालिक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार शोरूम मालिक दीपक महरवाल (49) निवासी देव चिरंजीव कॉलोनी गोपालपुरा बाईपास ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी ग्राहक बनकर शोरूम में आया और मौका पाकर दो सोने की चेन लेकर फरार हो गया।

थानाधिकारी राकेश ख्यालिया ने बताया कि पीड़ित ने वारदात का सीसीटीवी फुटेज पुलिस को उपलब्ध करवाया है। फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग भी खंगाली जा रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है।